संसाधन समीक्षा

गतिविधि शीट- II : छुपी हुई प्रकृति को खोजें

उद्देश्य :

ऐसे पौधों और जानवरों को ढूँढ़ने की कोशिश करें जिन्हें आपने पहले न देखा हो!

आपको चाहिए :



काग़ज़ और पेंसिल

क्या करें :

अपने घर या स्कूल से सबसे पास के बाज़ार, मैदान, पार्क या मुख्य सड़क तक पैदल चलकर जाएँ। रास्ते में दीवारों, पक्के फ़र्शों, बाड़ों और फुटपाथों पर छुपे हुए जीवन को ढूँढ़ें।

अवलोकन करें :

ये रहे छुपे हुए जीवन के कुछ प्रकार। आपने अपने इस पैदल सफ़र में इनमें से किन को देखा? गोले में निशान लगाएँ।

○ **कीटों के घर/ छत्ते :**
क्या आपको अण्डे दिखाई दिए?



○ **काई और घास :**
क्या वे गीली थीं या सूखी?

○ **मकड़ियाँ और जाले :**
क्या जाल का उपयोग अभी भी किया जा रहा है?



○ **चींटियों की क़तार :**
वे किस तरह चलती हैं?

○ **लताएँ और बेलें :**
क्या उनमें फूल आ रहे हैं?

क्या करें :

नीचे बने स्कैच की तरह एक स्कैच अपनी नोटबुक में बनाएँ। हर बॉक्स में अपने अवलोकनों के डूडल (जैसे बना सकें, वैसे छोटे चित्रनुमा आकार) बनाएँ और उन्हें नाम दें (जैसे पौधा, मकड़ी, कीट इत्यादि)। अगर आपको फुटपाथ पर मकड़ी दिखे तो मकड़ी और फुटपाथ का वह हिस्सा जहाँ आपने मकड़ी को देखा, दोनों का चित्र बनाने की कोशिश करें।



रचनाकार :

नेचर क्लासरूम्स ऐसे प्रकृति शिक्षा संसाधन विकसित करता है जो प्रिपरेटरी स्टेज पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) के पाठ्यक्रम के सीखने-सिखाने में सहयोग करते हैं। इसके अलावा यह स्कूली शिक्षकों और शिक्षाविदों के लिए प्रकृति से और प्रकृति के बारे में सीखने के लिए क्षमता-निर्माण कार्यशालाएँ आयोजित करता है। यह सामग्री नेचर क्लासरूम्स को CC BY-SA 4.0 के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त है। इस संसाधन को *आई वंडर...* के पाठकों के लिए संशोधित किया गया है और इसके अधिकार-धारकों की अनुमति से प्रकाशित किया गया है। आप नेचर क्लासरूम्स के और कामों को यहाँ https://www.natureclassrooms.org/ देख सकते हैं।

अनुवाद : भरत त्रिपाठी **पुनरीक्षण :** प्रतिका गुप्ता **कॉपी एडिटर :** अनुज उपाध्याय